Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Mahto Shri Tek Lal

>

Title : Need to revive Sindri Fertilizer Works and Hindustan Zinc Limited in Jharkhand with a view to protect the interest of Workers.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य के धनबाद जिले में सिंदरी फर्टिलाइजर कारखाना सन 2002 से बंद है। एक ओर जहां कारखाना बंद होने के कारण वहां कार्यरत मजदूर बेरोजगार हो गए हैं तथा उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। इसके साथ ही इसी जिले के अंतर्गत भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की टुन्डू इकाइ को विनिवेश नीति के तहत मेसर्स स्टार लाइट आपारचुनिटीज एवं वेंचर्स लिमिटेड को दिनांक 11.04.2002 को हस्तान्तरित किया गया, किंतु खेद है कि इस कंपनी ने विभिन्न तरह के बहाने बनाकर अपना कार्य बंद कर दिया। फलस्वरूप सैंकड़ों मजदूर बेरोजगार हो गए। दोनों कारखाने जितने दिन बंद रहे उतने दिनों का पूरा वेतन एवं भत्ता मजदूरों को दिलाया जाये और जनहित में इन दोनों कारखानों को अविलंब चालू कराया जाये।